क) प्रत्यय शब्दों के ..... में लगाए जाते हैं।

ख) प्रत्यय शब्दों का अर्थ ..... देते हैं।

ग) शब्दों के अंत में जुड़कर प्रत्यय अर्थ में ..... लाते हैं।

प्रश्न–2. दिए गए शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग-अलग लिखिए -

			मूल शब्द	**प्रत्यय**
1.	सफ़ाई	=	.....	.....
2.	दैनिक	=	.....	.....
3.	सफलता	=	.....	.....
4.	शांतिहीन	=	.....	.....
5.	धार्मिक	=	.....	.....
6.	रुकावट	=	.....	.....

प्रश्न–3. प्रत्येक प्रत्यय से तीन-तीन शब्द बनाइए -

1.	वाला	=	.....,	.....,	सफ़ाईवाला
2.	आई	=	.....,	.....,	.....
3.	आहट	=	.....,	.....,	.....
4.	इक	=	.....,	.....,	.....
5.	वान	=	गुणवान	.....,	.....

6.	पन	=	.....,	बचपन	.....
7.	ई	=	.....,	.....,	.....
8.	ता	=	.....,	.....,	.....
9.	कार	=	.....,	.....,	.....
10.	ईय	=	.....,	.....,	.....

प्रश्न–4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

1.	जान	+	.....	=	.....
2.	दूध	+	.....	=	.....
3.	लोभ	+	.....	=	.....
4.	पढ़	+	आकू	=	.....
5.	झाड़	+	.....	=	.....
6.	.....	+	आई	=	भलाई
7.	राष्ट्र	+	.....	=	.....
8.	.....	+	इक	=	.....
9.	कला	+	.....	=	.....
10.	गुरू	+	.....	=	.....

कहानी लेखन

शीर्षक .....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

शिक्षा .....

.....

कहानी लेखन

नीचे कुछ चित्र तथा कहानी की मुख्य बातें दी गई हैं। इनकी सहायता से कहानी लिखिए तथा उसके नाम भी दीजिए।

शीर्षक .....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

शिक्षा .....

.....

जनवरी

दो माताएँ (पठित गद्यांश)

प्रश्न–1. गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

असम के एक अनजान प्रदेश में पहाड़ की तलहटी में आदिवासियों का एक छोटा–सा गाँव है। गाँव का नाम है–हतिया। गाँव में शीत ऋतु की विदाई पर एक उत्सव बनाया जाता है। यह विचित्र उत्सव है उनका, बिलकुल अलग प्रकार का। पहाड़ के नीचे रंगीन किस्म के पत्थर से बनी एक खाई है। उसी खाई के निकट लकड़ी का सुंदर मंदिर है। मंदिर में कोई मूर्ति नहीं है, बल्कि दीवार और छतों पर खुदाई करके बनी छोटी–छोटी मूर्तियाँ उपस्थित हैं। हथिनी माँ के निकट बच्चा हाथी। माँ की गोद में छोटा बच्चा। पूजा जैसी कोई बात नहीं, बल्कि कतारों में माताएँ, लड़कियाँ, लड़के, बूढे, सभी दूध से भरे घड़े, डलियों में फल, केले के गुच्छे, मिट्टी की कुप्पियों में मधु ले–लेकर हाज़िर हो रहे थे। बाद में घंटे की ध्वनि पर गाते–बजाते उस सारी सामग्री को घने जंगल में रख आया गया। लौटकर लोग गाने – बजाने, नृत्य आदि में मस्त हो गए।

क) आदिवासियों का गाँव कहाँ स्थित था?

.....

.....

ख) मंदिर किसका बना हुआ था?

.....

.....

ग) मंदिर में पूजा करने के लिए आदिवासी जंगल में क्या-क्या रखते हैं?

.....

.....

घ) **दीवारों और छतों पर मूर्तियाँ कैसे बनाई गई थीं?**

.....

.....

ङ) **समान अर्थ वाले शब्द लिखिए–**

(i) सरदी – .....

(ii) नाच – .....

(iii) शहद – .....

(iv) पंक्ति – .....

प्रश्न–2. शब्दों के अर्थ लिखिए :-

(i) मौका – .....

(ii) जख्म – .....

(iii) स्थिर– .....

(iv) सामग्री –.....

(v) दंग – .....

प्रश्न–3. वाक्य बनाइए -

(i) किस्सा – .....

.....

(ii) ठिकाना – .....

.....

(iii) किस्म – .....

.....

(iv) विदाई – .....

.....

(v) अनुभव – .....

.....

प्रश्न–4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 5–6 पंक्तियों में दीजिए -

जंगल पशु-पक्षियों का घर होता है। हमें उनका घर बचाने के लिए क्या-क्या उपाय करने चाहिए?

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

अशुद्धि शोधन

भाषा अशुद्ध हो तो लोग हमारा मज़ाक उड़ाते हैं। ऐसे में हम बातचीत करने से डरने लगते हैं। अशुद्ध भाषा लिखने से परीक्षा में अंक भी कम मिलते हैं।

इन अशुद्धियों को आसानी से सुधारा जा सकता है। इसके लिए केवल अभ्यास की आवश्यकता है।

शब्दों की अशुद्धियाँ

नीचे दिए गए शुद्ध शब्दों का सही उच्चारण करने और लिखने का अभ्यास कीजिए–

अशुद्ध	शुद्ध	अशुद्ध	शुद्ध	अशुद्ध	शुद्ध
महीमा	महिमा	बर्षा	वर्षा	ग्रामीन	ग्रामीण
रितु	ऋतु	निशचित	निश्चित	विदूसी	विदुषी
विश	विष	भगत	भक्त	रतन	रत्न
आर्शीवाद	आशीर्वाद	गयान	ज्ञान	गिया	गया
पंडत	पंडित	महीला	महिला	सकूल	स्कूल
अज़ादी	आज़ादी	रिण	ऋण	सांति	शांति
क्रिपा	कृपा	प्रमात्मा	परमात्मा	दि्वितीय	द्वितीय
परनाम	प्रणाम	चरन	चरण	अरथ	अर्थ
नदि	नदी	अम्रत	अमृत	ब्रामहन	ब्राह्मण
श्रीमति	श्रीमती	मनोरर्थ	मनोरथ	तप्स्वी	तपस्वी
सन्मान	सम्मान	सदोपदेश	सदुपदेश	मुस्कान	मुसकान

अशुद्ध वाक्यों का शुद्ध रूप

कभी–कभी हम अशुद्ध वाक्यों का प्रयोग करते हैं। यदि हम व्याकरण के नियमों का पालन करें तो शुद्ध वाक्यों की रचना अथवा प्रयोग कोई कठिन कार्य नहीं है। हम प्रायः निम्नलिखित अशुद्धियाँ करते हैं–

	अशुद्ध वाक्य	शुद्ध वाक्य
1.	मेरे को घर जाना है।	मुझे घर जाना है।
2.	पुस्तक पर नहीं लिखो।	पुस्तक पर मत लिखो।
3.	मैं शुद्ध गाय का दूध पीता हूँ।	मैं गाय का शुद्ध दूध पीता हूँ।
4.	लड़का ने खाना नहीं खाया।	लड़के ने खाना नहीं खाया।
5.	सारा काम मैंने करा है।	सारा काम मैंने किया है।
6.	उसके मुँह से फूल गिरते हैं।	उसके मुँह से फूल झरते हैं।
7.	उसका प्राण निकल गया।	उसके प्राण निकल गए।
8.	अमन से जान–बूझकर भूल हो गई।	अमन से अनजाने में भूल हो गई।
9.	हमारे अध्यापक विदुषी हैं।	हमारे अध्यापक विद्वान है।
10.	कृपा आप ही उसे समझाने की कृपा करें।	कृपया आप ही उसे समझाएँ।
11.	आज सोमवार का दिन है।	आज सोमवार है।
12.	उसने लीची खाया।	उसने लीची खाई।
13.	मेरे को कुछ नहीं पता।	मुझे कुछ नहीं पता।
14.	उसने मुझको बोला था।	उसने मुझे कहा था।
15.	उसका बात मान लो।	उसकी बात मान लो।

16.	हम तुमसे बात करना चाहता हूँ।	मैं तुमसे बात करना चाहता हूँ।
17.	गाय घास चरता है।	गाय घास चरती है।
18.	माँ घर से बाहर गई हैं।	माँ बाहर गई हैं।
19.	तुम अच्छा काम की है।	तुमने अच्छा काम किया है।
20.	आप यहाँ बैठो।	आप यहाँ बैठिए।

प्रश्न–1. निम्नलिखित वाक्यों में जो शब्द अशुद्ध हैं उन्हें शुद्ध करके वाक्यों को फिर से लिखिए-

क) हमारा विद्यालय दशैरा अवकाश में एतिहासीक भरमण के लिए जा रहा है। कृपया इस भरमण में जाने कि अनुमती परदान करें।

.....

.....

ख) आधनिक यूग में टैलिवीजन मनोरन्जन का प्रमूख साघन बन चुका हे।

.....

.....

ग) कुछ विद्यार्थि कहानि सुनाने में बहूत निपूण होते हैं। उन्से कहानीयाँ सुनकर आनंद आ जाता है।

.....

.....

प्रश्न–2. वाक्य के शुद्ध रूप पर (✓) का चिह्न लगाइए-

क)	सबने मेरी प्रशंसा की।	सबों ने मेरी प्रशंसा की।
ख)	मैंने कल जाना है।	मुझे कल जाना है।
ग)	बच्चों को काटकर फल खिला दो	बच्चों को फल काटकर खिला दो।
घ)	मेरे माताजी आए।	मेरी माताजी आईं।
ङ)	हमारे दोनों मामे आए।	हमारे दोनों मामा आए।
च)	उसके पास अनेकों पुस्तकें हैं।	उसके पास अनेक पुस्तकें हैं।

प्रश्न–3. सही शब्द चुनकर पूरा वाक्य फिर से लिखिए-

क) पेड़ पर पक्षी **बैठा है/बेठा है।** .....

ख) उसने मुझे किताब **दिया/दी।** .....

ग) **मुझसे/मेरे से** पढ़ा नहीं जाता। .....

घ) **घर पर/घर में** सब कुशल है। .....

ङ) उस पर घड़ों पानी गिर **गया/पड़ गया।** .....

च) क्या यह संभव हो सकता **है/हैं?** .....

छ) उसने चार गरम–गरम **पूरियाँ खाईं/ पूरी खाई।** .....

पत्र लेखन

आप अपने विद्यालय में प्रतिदिन छुट्टी के बाद 'उमंग' के बच्चों को पढ़ाना चाहते हैं। प्रधानाचार्या को पत्र लिखकर इसकी अनुमति माँगें।

सेवा में

_____

_____

_____

विषय _____

महोदया _____

_____

_____

_____

_____

सधन्यवाद

_____

_____

_____

कक्षा _____

दिनांक _____

दैनिक जागरण के संपादक को पत्र लिखकर अपनी लिखी कहानी छापने की प्रार्थना करें।

सेवा में

_____

_____

_____

विषय_____

महोदय

_____

_____

_____

_____

_____

_____

सधन्यवाद

भवदीय/भवदीया

_____

_____

फरवरी

समय बहुत मूल्यवान (पठित पद्यांश)

प्रश्न–1. दिए गए पद्यांश से प्रश्नों के उत्तर लिखो -

धन खो जाता, श्रम करने से फिर मनुष्य है पाता
स्वास्थ्य बिगड़ जाने पर उपचारों से है बन जाता।
विद्या खो जाती, फिर भी पढ़ने से है आ जाती
लेकिन खो जाने से मिलती नहीं समय की थाती।
जीवनभर भटको, छानो, दुनिया का कोना–कोना
समय बहुत ही मूल्यवान है, व्यर्थ कभी मत खोना।

क) कविता के कवि का नाम लिखिए।

.....

ख) किन–किन चीज़ों को खो देने के बाद वापस पाया जा सकता है?

.....

.....

ग) समय को व्यर्थ क्यों नहीं गँवाना चाहिए?

.....

.....

घ) पद्यांश से विलोम शब्द लिखिए–

i) मरण –..... ii) कम –.....

iii) मूल्यहीन –..... iv) बनना–.....

प्रश्न–2. शब्दों के अर्थ लिखिए–

i) क्षण –..... ii) नियम –.....

iii) सदा – ..... iv) ठुकराना–.....

प्रश्न–3. वाक्य बनाइए-

(i) व्यर्थ – .....

.....

(ii) विद्या – .....

.....

(iii) मूल्यवान – .....

.....

(iv) उपचार – .....

.....

(v) स्वास्थ्य – .....

.....

प्रश्न–4. एक बार गया हुआ समय वापस लौट कर नहीं आता। अपने विचार 5–6 पंक्तियों में लिखिए।

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

अनुच्छेद लेखन

करत-करत अभ्यास ते जड़मति होत सुजान

(परिश्रम का महत्त्व)

अनुच्छेद लेखन

जब मुझे एक छोटे बच्चे को संभालना पड़ा ....

विलोम शब्द

विलोम का अर्थ है विपरीत अर्थ वाला शब्द।

जो शब्द एक-दूसरे का विपरीत अर्थ प्रस्तुत करते हैं, वे विपरीतार्थक या विलोम शब्द कहलाते हैं।

कुछ प्रमुख विलोम शब्द

प्रथम सत्र

1.	आदि	x	अंत	9.	श्वेत	x	श्याम
2.	एकता	x	अनेकता	10.	वीर	x	कायर
3.	उदय	x	अस्त	11.	गुण	x	दोष, अवगुण
4.	अपना	x	पराया	12.	आस्तिक	x	नास्तिक
5.	उन्नति	x	अवनति	13.	विद्वान	x	मूर्ख
6.	उत्तीर्ण	x	अनुत्तीर्ण	14.	जीवन	x	मरण
7.	रोगी	x	निरोगी	15.	प्रेम	x	घृणा
8.	सरल	x	कठिन				

द्वितीय सत्र

1.	सरस	x	नीरस	9.	वर	x	वधू
2.	मौखिक	x	लिखित	10.	शोक	x	हर्ष
3.	निकट	x	दूर	11.	क्रय	x	विक्रय
4.	पाप	x	पुण्य	12.	स्वतंत्र	x	परतंत्र
5.	अनुज	x	अग्रज	13.	स्वस्थ	x	अस्वस्थ
6.	प्राचीन	x	नवीन	14.	हिंसा	x	अहिंसा
7.	प्रकट	x	गुप्त	15.	दानव	x	मानव
8.	प्रशंसा	x	निंदा				

अभ्यास कार्य

क) विलोम शब्द लिखिए -

1.	उचित	x	.....	4.	मूर्ख	x	.....
2.	.....	x	सदुपयोग	5.	श्वेत	x	.....
3.	अज्ञान	x	.....	6.	.....	x	घृणा

ख) रेखांकित शब्दों के विलोम शब्दों द्वारा खाली स्थान भरिए-

1. विदेश जाने की बजाय हमें ..... में रहकर ही नाम कमाना चाहिए।
2. कहा जाता है कि स्वर्ग में देव रहते हैं और ..... में ..... रहते हैं।
3. मेरा विद्यालय उत्तर दिशा में है, पर मेरा घर ..... दिशा में हैं।
4. मोहन ने अपने पुराने खिलौने देकर ..... खिलौने खरीद लिए।
5. उसमें स्वार्थ नहीं है। वह ..... भाव से लोगों की सेवा करती है।

ग) सही विलोम शब्द छाँटकर लिखिए -

1.	रात	x	.....	(दिन, सुबह, प्रकाश)
2.	सुगंध	x	.....	(खुशबू, बदबू, दुर्गंध)
3.	मित्र	x	.....	(दुश्मन, दोस्त, शत्रु)
4.	आदर	x	.....	(सम्मान, निरादर, अपमान)
5.	स्वतंत्र	x	.....	(आज़ादी, परतंत्र, कैद)

घ) रमन ने विलोम शब्दों का प्रयोग कर अर्थ का अनर्थ कर दिया है। रेखांकित शब्दों का विलोम लिखकर उसकी सहायता करो।

1. सच बोलना <u>पाप</u> है।

.....

2. माता–पिता की सेवा करना ही हमारा <u>अधर्म</u> है।

.....

3. भारत में विभिन्न जातियों के लोग <u>अनेकता</u> से रहते हैं।

.....

4. आशा है कि आप सब <u>अकुशल</u> होंगे।

.....

5. हमें बड़ों का <u>अनादर</u> करना चाहिए।

.....

मुहावरे

अपने सामान्य अर्थ को छोड़कर विशेष अर्थ देने वाले वाक्यांश मुहावरे कहलाते हैं। जैसे–

	मुहावरा	अर्थ
1.	आसमान सिर पर उठाना	बहुत शोर करना
2.	ईद का चाँद होना	बहुत दिनों बाद दिखाई देना
3.	आँखों का तारा	बहुत प्यारा
4.	पेट में चूहे कूदना	भूख लगना

वाक्य प्रयोग

1. अध्यापक के न होने के कारण बच्चों ने आसमान सिर पर उठा लिया।
2. अरे ! तुम तो दिखाई ही नहीं देते, बिल्कुल ईद का चाँद हो गए हो।
3. मैं अपनी माँ की आँखों का तारा हूँ।
4. मैं सुबह से पढ़ रहा हूँ, अब तो मेरे पेट में चूहे कूद रहे हैं।

	मुहावरा	अर्थ	वाक्य - प्रयोग
1.	**अंधे की लाठी**	बेसहारे का एकमात्र सहारा	श्रवण अपने बूढ़े माता–पिता के लिए अंधे की लाठी था।
2.	**अपना उल्लू सीधा करना**	अपना मतलब निकालना	राहुल जैसे मित्र का क्या लाभ, वह तो बस अपना ही उल्लू सीधा करना जानता है।

3.	**आँखें दिखाना**	क्रोध प्रकट करना	मुझे क्यों आँखें दिखा रहे हो, मैं निर्दोष हूँ।
4.	**आँखों में धूल झोंकना**	धोखा देना	बड़े से बड़ा अपराधी भी पुलिस की आँखों में धूल नहीं झोंक सकता।
5.	**आँखों का तारा**	बहुत प्यारा	सभी बच्चे अपने माता–पिता की आँखों के तारे होते हैं।
6.	**सिर-आँखों पर बिठाना**	बहुत प्यार और सम्मान दिखाना	नेहा कक्षा में प्रथम आई तो सबने उसे सिर– आँखों पर बिठा लिया।
7.	**कानों पर जूँ न रेंगना**	ध्यान न देना	कार्टून चैनल देखने के लिए माँ ने कितना मना किया मगर ऋषभ के कानों पर जूँ तक न रेंगी।
8.	**घी के दिये जलाना**	खुशियाँ मनाना	सारे विद्यालय में सुमित के प्रथम आने पर उसकी बहन ने घी के दीए जलाए।
9.	**नौ-दो ग्यारह होना**	भाग जाना	पुलिस की जीप देखते ही चोर नौ–दो ग्यारह हो गए।
10.	**चेहरा खिल उठना**	प्रसन्न होना	कहानी लेखन प्रतियोगिता में प्रथम आने पर पारूल का चेहरा खिल उठा।

कुछ और मुहावरे

प्रथम सत्र

	मुहावरा	अर्थ
1.	हाथ–पाँव मारना	प्रयत्न करना
2.	हवा से बातें करना	बहुत तेज़ भागना
3.	दाल में काला होना	कुछ गड़बड़ होना
4.	मुँह में पानी भर आना	ललचा जाना
5.	घाव पर नमक छिड़कना	दुखी को और दुखी करा
6.	पानी–पानी हो जाना	लज्जित होना
7.	बाएँ हाथ का खेल	आसान कार्य
8.	बाल–बाल बचना	मुसीबत से बचाव होना
9.	अपना उल्लू सीधा करना	मतलब निकालना
10.	एड़ी चोटी का ज़ोर लगाना	बहुत परिश्रम करना

द्‌वितीय सत्र

1.	खाक में मिलाना	बरबाद करना
2.	फूला ना समाना	अत्यंत प्रसन्न होना
3.	हाथ मलना	पछताना
4.	फूटी आँख न भाना	बिलकुल अच्छा न लगना
5.	नानी याद आना	बहुत संकट में पड़ना
6.	थाली का बैंगन	अस्थिर विचार वाला
7.	डंका बजाना	प्रचार करना
8.	जलती आग में घी डालना	लड़ाई या क्रोध को भड़काना
9.	छाती ठोककर कहना	दावे से कहना
10.	चंपत होना	भाग जाना

अभ्यास कार्य

प्रश्न–1. नीचे दिए गए मुहावरों को उनके अर्थ से मिलाइए:

(क)	अपना उल्लू सीधा करना	बहुत प्रसन्न होना
(ख)	कान भरना	भाग जाना
(ग)	घी के दिये जलाना	बहुत प्यारा
(घ)	आँखों का तारा	झूठी शिकायत करना
(ङ)	नौ–दो ग्यारह होना	अपना मतलब निकालना

प्रश्न–2. मुहावरों का प्रयोग वाक्य के अनुसार कीजिए -

(फूला न समाना, पानी-पानी हो जाना, चंपत होना)

क) कक्षा में प्रथम आने पर दीपा ..... ।

ख) चोर चोरी का सामान लेकर तुरंत ही ..... ।

ग) माँ ने दिव्यांश को जब दोस्तों के सामने डाँट दिया तो वह .... ।

पर्यायवाची शब्द

जो शब्द समान अर्थ बताते हैं, वे पर्यायवाची या समानार्थी शब्द कहलाते हैं।

पर्यायवाची शब्द

प्रथम सत्र

1.	अग्नि	–	आग, पावक, अनल
2.	अंधकार	–	अंधेरा, तम, तिमिर
3.	आदर	–	सम्मान, मान, प्रतिष्ठा
4.	इच्छा	–	कामना, चाह, अभिलाषा
5.	नदी	–	सरिता, तटिनी, तरंगिणी
6.	निर्धन	–	गरीब, कंगाल, कंगला
7.	शत्रु	–	दुश्मन, रिपु, वैरी
8.	दुख	–	कष्ट, व्यथा, विपत्ति
9.	मित्र	–	सखा, दोस्त, साथी
10.	पक्षी	–	खग, विह्ग, नभचर

द्वितीय सत्र

1.	अमृत	–	पीयूष, सुधा, अमिय
2.	कपड़ा	–	वस्त्र, वसन, चीर, अंबर
3.	गंगा	–	सुरसरि, देवनदी, जाह्नवी
4.	वन	–	जंगल, कानन, विपिन
5.	दिन	–	दिवस, वार, वासर
6.	शरीर	–	तन, बदन, काया
7.	बिजली	–	चपला, दामिनी, विद्युत
8.	सुबह	–	प्रभात, सवेरा, प्रातः
9.	फूल	–	पुष्प, कुसुम, सुमन
10.	बेटी	–	पुत्री, सुता, तनया

अभ्यास कार्य

1. उचित समानार्थी शब्द चुनकर खाली स्थान भरें -

1. आदर ..... (मान, स्वागत, प्रेम)
2. शत्रु ..... (अतिथि, रिपु, संबंधी)
3. अमृत ..... (भाई, सुधा, पानी)
4. इच्छा ..... (व्यवहार, कामना, बड़ाई)
5. कपड़ा ..... (वसन, नीर, सरिता)
6. पक्षी ..... (विहग, शशि, ईश)

2. नीचे लिखे शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -

1. कपड़ा ....
2. पक्षी ....
3. बेटी ....
4. नदी ....
5. शत्रु ....

चित्र-वर्णन

चित्र वर्णन एक ऐसी कला है जिसमें मन के भाव प्रकट होते हैं। चित्र को देखकर आपके मन मे जो भाव उठते हैं, उन्हें आप लिखकर प्रकट करते हैं यही चित्र वर्णन कहलाता है।

इसको बनाने के लिए अपनी जितनी बुद्धि, कल्पना और भावों का प्रयोग किया जाता है चित्र वर्णन उतना ही सुंदर उभरकर सामने आता है।

चित्र-वर्णन में ध्यान देने योग्य बातें।

- चित्र को देखकर सबसे पहले उसका शीर्षक तय करना चाहिए।
- चित्र को ध्यान से देखें और उसका वर्णन अपने शब्दों में करिए।
- पहला वाक्य ऐसा होना चाहिए जो चित्र के बारे में जिज्ञासा उत्पन्न करें।
- चित्र में दिए गए सभी दृश्यों, व्यक्तियों और वस्तुओं का वर्णन अवश्य करिए।
- चित्र–वर्णन रोचक और लुभावना होना चाहिए।

चित्र वर्णन

चित्र देखकर उसका वर्णन अपने शब्दों में कीजिए–

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

संवाद-लेखन

संवाद का अर्थ है बातचीत। एक–दो व्यक्तियों के साथ हुई बातचीत ही असली बातचीत होती है, क्योंकि इसी में अपने मन की बात दूसरों तक पहुँचाई जा सकती है। इसमें एक कहता है, दूसरा सुनता है, फिर दूसरा कहता और पहला सुनता है। इस प्रकार बातचीत का सिलसिला निरंतर आगे बढ़ता रहता है।

संवाद के विषय में ध्यान रखने योग्य बातें।

- संवाद विषय और भावों के अनुकूल होना चाहिए।
- संवाद में उचित संबोधन एवं अभिवादन का प्रयोग करना चाहिए।
- उम्र का ध्यान रखना चाहिए मर्यादा एवं सम्मान को बनाए रखना चाहिए।
- बातचीत अवसर के अनुकूल होनी चाहिए।
- बातचीत में बनावटीपन नहीं होना चाहिए। सोच–समझकर अपनी बात कहनी चाहिए।
- संबंधो की सुगंध बातचीत में होनी चाहिए।
- बातचीत भाषण नहीं है इसलिए सबको बोलने का अवसर मिलना चाहिए।

एक संवाद

उत्सव : हैलो! अविरल कैसे हो?

अविरल : आओ उत्सव! आओ बैठो।

उत्सव : क्या पढ़ाई कर रहे थे?

अविरल : नहीं, कल एक प्रतियोगिता है न, उसी की तैयारी कर रहा था।

उत्सव : अविरल एक बात कहूँ, तुम्हें बुरा तो नहीं लगेगा।

अविरल : नहीं, नहीं, बोलो।

उत्सव : तुम मंच पर बोलते तो बहुत अच्छा हो, पर जब तुम खड़े होते हो तो एक पैर पर सारा बल देखकर खड़े होते हो। यह देखने में अच्छा नहीं लगता।

अविरल : धन्यवाद उत्सव! मैंने तो इस बारे में कभी सोचा ही नहीं था।

उत्सव : मेरा ऐसा कहना तुम्हें ख़राब तो नहीं लगा न।

अविरल : अरे नहीं नहीं। बल्कि मुझे खुशी हुई कि तुमने अपना समझकर मुझे मेरी गलती बताई।

अभ्यास–

1. दो दोस्तों के बीच मनपसंद जगह के बारे मे संवाद लिखिए।

2. भाई–भाई के बीच रक्षाबंधन पर हुए संवाद को लिखिए।

3. अपनी अध्यापिका और आपके बीच 'सत्य के महत्तव' पर हुए संवाद को लिखिए।

विज्ञापन - लेखन

आज का युग विज्ञापन का युग है। दूरदर्शन के कार्यक्रम हो, पत्र–पत्रिकाएँ हों या शहर की दीवारें हों सब तरफ़ विज्ञापन नज़र आते हैं।

विज्ञापन का उद्‌देश्य अपनी वस्तुओं को बेचने के लिए उनके बारे में जानकारी देते हुए उनका प्रचार करना है। विज्ञापनों को देखकर ही हमें नई–नई वस्तुओं के बारे में जानकारी मिलती है। वस्तुओं का चुनाव करने में मदद मिलती है, विज्ञापन हमारे मन को प्रभावित करते हैं।

विज्ञापन बनाते समय कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक होता है।

- विज्ञापन के लिए बनाया गया चित्र–रंगीन, स्पष्ट एवं आकर्षक होना चाहिए।
- वस्तुओं के गुणों के बारे में सही जानकारी देनी चाहिए।
- बढ़ा चढ़ा कर नहीं बताना चाहिए।
- लुभावने दृश्यों द्‌वारा गुमराह नहीं करना चाहिए।
- विज्ञापन इतना आकर्षक होना चाहिए कि ग्राहक उसे खरीदने के लिए तैयार हो जाए।

अभ्यास

- 'संस्कृति स्कूल' के मेले के लिए विज्ञापन बनाइए।
- 'लूम बैंडस' 'पेपर कटिंग' से बनाई गई चीज़ों का विज्ञापन बनाइए।
- दीपावली पर बनाए गए दीयों और मोमबत्तियों का विज्ञापन बनाइए।
- अपने द्‌वारा बनाई गई किसी चीज़ का विज्ञापन बनाइए।

आशुभाषण (Just a Minute)

आशुभाषण एक प्रकार का भाषण है, जिसमें विषय तत्काल दिया जाता है और वक्ता के पास एक से दो मिनट तक का समय बोलने के लिए होता है।

आशुभाषण बोलते समय निम्न नियमों का ध्यान रखना चाहिए। जैसे–

1. वक्ता को अपने खड़े रहने के तरीके पर ध्यान देना चाहिए। बोलते समय हिलना–डुलना नहीं चाहिए तथा सबकी तरफ़ देखकर बोलना चाहिए।
2. वक्ता को बोलने से पहले अपनी अध्यापिका और मित्रों को संबोधित करना चाहिए तथा समाप्ति के बाद धन्यवाद अवश्य बोलना चाहिए।
3. आरंभ में स्वयं और विषय के बारे में बताना भी आवश्यक है।
4. वक्ता को ध्यान रखना चाहिए कि वह इतना तेज़ बोले कि सभी उसे आसानी से सुन सकें।
5. वक्ता को अपने विचारों को क्रमबद्ध करके प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करना चाहिए।
6. वक्ता में आत्मविश्वास, धैर्य, विविध विषयों का ज्ञान, तुरंत सोचने की क्षमता आदि गुणों का होना भी आवश्यक है।
7. वक्ता को विषय मिलते ही, तुरंत उस पर विचार करना आरंभ कर देना चाहिए और विषय को कुछ मुख्य बिंदुओं में बाँटकर बोलना चाहिए।
8. अगर उपर्युक्त बिंदुओं पर ध्यान दिया जाए तो आशुभाषण का प्रस्तुतिकरण आसान हो जाएगा।

आइए! निम्न बिंदुओं पर एक मिनट के लिए बोलकर देखें-

- बारिश के मौसम का मज़ा।
- रक्षाबंधन
- अगर मैं देश का प्रधानमंत्री होता/होती.....।
- अगर मैं लड़का/लड़की होता/होती....।
- जब मैं चलते–चलते गड्ढे में गिर गया/गई.....।
- एक पेड़ की डाँट।
- अगर दुनिया से रंग गायब हो जाएँ.....।
- जब मैं मॉल में खो गई/गया....।
- अगर पढ़ाई न होती....।
- तारों की दुनिया।

अभ्यास – 1

कहानी लेखन- सूरज की ओर आइए, कहानी पूरी करें:-

बहुत पहले की बात है। एक आदमी ने सूरज की ओर जाना शुरु किया। उसे रास्ता नहीं पता था। रास्ते में अनेक कठिनाइयाँ आईं, लेकिन वह चलता रहा। जब सूरज डूब गया, वह वहीं रुक गया। घना जंगल उसके चारों ओर था। जंगल में उसने थोड़ी जगह साफ की और एक झोंपड़ी बना ली। उसके चारों ओर उसने केला, पपीता, सुपारी, नारियल आदि फलों के पौधें रौंप दिए। इनसे उसे पर्याप्त भोजन मिलने लगा। इस तरह समय बीतता रहा।

एक दिन गाँव के लोगों ने एक पक्षी को चोंच में मछली दबाकर पश्चिम की तरफ उड़ते देखा। लोगों को बड़ा आश्चर्य .....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

अभ्यास – 2

चित्र लेखन



यह एक मेले का चित्र है। यहाँ पर .....

.....

.....

.....

.....

.....

अभ्यास – 3

दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए:–

1. अभियान .....

.....

2. उपयोग .....

.....

3. सामग्री .....

.....

4. संग्रह .....

.....

5. आविष्कार .....

.....

6. कारखाने .....

.....

7. पराधीन .....

.....

8. शब्दकोष .....

.....

9. प्रशंसा .....

.....

10. बुज़र्ग .....

.....

अभ्यास – 4

अनुच्छेद लेखन

आइए संकेत बिंदुओं (guidelines) के अनुसार लिखें:–

सबको भाए मधुर वाण

संकेत बिंदू:–

- मधुर वाणी सबको प्रिय
- मधुर वाणी एक औषधि/दवा
- मधुरवाणी का प्रभाव
- मधुर वाणी का महत्तव

कृपया यहाँ से शुरु करिए:–

मधुर वाणी की महत्ता प्रकट करने वाला एक दोहा है

कोयल काको दुख हरे, कागा काको देय। मीठे वचन सुनाए के, जग अपनो करि लेय।

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

अभ्यास – 5 अपठित गद्यांश

पुरुष दिन रात मेहनत करते हैं। वे रात में सोते हैं और आराम करते हैं। रात सोने का सबसे अच्छा समय है। एक स्वस्थ आदमी रात में 9 बजे बिस्तर पर जाता है और सुबह 5 बजे उठता है। वह आठ घंटे सोता है। स्वस्थ पुरुषों की तुलना में बच्चों और बीमार लोगों को अधिक नींद की आवश्यकता होती है। वे दिन के समय में भी कुछ घंटों के लिए सोते हैं। हमारे घर में, मेरी माँ सुबह बहुत जल्दी उठ जाती हैं।

''बिस्तर से जल्दी उठना और जल्दी उठना, एक आदमी को स्वस्थ, धनवान और बुद्धिमान बनाता है।''

क. प्रत्येक कथन के लिए सही या गलत लिखिए:

1. स्वस्थ पुरुष दिन के समय में सोते हैं। ( )

2. स्वस्थ पुरुषों की तुलना में बच्चों और बीमार लोगों का अधिक नींद की आवश्यकता होती है। ( )

ख. निम्नलिखित के विपरीत अर्थ के शब्दों को लिखिए:

आदमी, दिन, बीमार .....

.....

घ. निम्निलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

1. नींद के लिए सबसे अच्छा समय कौन–सा है?

.....

2. स्वस्थ आदमी बिस्तर पर कब जाता है?

.....

अभ्यास – 6 अपठित गद्यांश

गद्यांश पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

अचला और अखिल पिताजी के साथ चिड़ियाघर की सैर करने निकले थे इसलिए दोनों बहुत खुश थे। चलते–चलते पिताजी ने दोनों से प्रश्न किया–''बताओ, सबसे ऊँचा जानवर कौन–सा होता है? अचला झट से बोल उठी–''हाथी।'' अखिल ने कहा –''ऊँचा।''

''नहीं, इन दोनों से भी एक ऊँचा जानवर होता है जिसे आज हम देखेंगे। इसकी ऊँचाई 20 फुट तक होती है। यह ऊँचाई ऊँट और हाथी की ऊँचाई से लगभग दोगुनी है। पिताजी ने बताया। दोनों ने एक साथ प्रश्न किया, ''इस जानवर का नाम तो बताइए।'' वे उन्हें एक बड़े बाड़े के निकट ले गए और वहाँ खड़े जानवर को दिखाते हुए बोले–इसका नाम है जिराफ़।

अचला बोली, ''पिताजी! क्या ये हमारे देश का जानवर है? इसके बारे में कुछ बताइए।''

पिताजी ने बताया, ''यह जानवर अफ़्रीका में पाया जाता है। यह बहुत सीधा पशु है। कभी किसी को सताता नहीं इसकी गर्दन बहुत लंबी होती है इसलिए अपने शत्रु को दूर से ही देख लेता है और सुरक्षित स्थान में दौड़ जाता है। यह दौड़ता भी बहुत तेज़ है। रंग–रुप में भी यह सुंदर होता हे। इसके जैसी सुंदर आँखें तो शायद ही किसी जानवर की हो।''

क. अचला और अखिल खुश क्यों थे?

.....

.....

ख. जिराफ़ ऊँचाई लगभग कितनी होती है?

.....

.....

ग. पिताजी ने जिराफ़ की क्या विशेषताएँ बताई?

.....

.....

घ. जिराफ़ कहाँ पाया जाता है?

.....

.....

ङ समान अर्थ वाले शब्द गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए–

पशु – दुश्मन –

खूबसूरत – जगह –

अभ्यास – 7 अपठित गद्यांश

पुराने जमाने में राजा के दरबार में ऐसे लोग भी होते थे जो अपनी बातों और हाजिरजवाबी से लोगों का मनोरंजन किया करते थे। उन्हें 'विदूषक' कहते थे। तेनालीरामन भी एक विदूषक था। 'तेनाली' गाँव का रहने वाला 'रामन' बुद्धिमान, चतुर व शब्दों का जादूगर था। वह हर बात का विचित्र अर्थ निकाल कर सब को चकित कर देता था। लोग उसकी प्रशंसा में वाह–वाह करते न थकते थे। तेनालीरामन राजा कृष्णदेव के दरबार में एक विदूषक था। रामन का नाम तेनालीरामन रख दिया गया था। वह समय–समय पर अपनी हाजिर–जवाबी से राजा को खुश रखता था। उसके बारे में बहुत–सी कहानियाँ प्रसिद्ध हैं।

राजा कृष्णदेव अपनी प्रजा का हाल–चाल पूछने राज्य के विभिन्न गाँवों में जाया करते थे। उनके दरबारी उन्हें हमेशा उस गाँव में ले कर जाते जहाँ सब ठीक–ठाक होता। इसका राजा को अपने राज्य के असली हालात का पता न चल पाता था। एक बार ऐसे ही एक के राजा सोच न पा रहे थे कि कहाँ जाया जाए क्योंकि सब दरबारी उन्हें अपने–अपने से जाना चाहते थे।

तभी तेनालीराम ने राजा से कहा कि "महाराज, आप उधर जाए जहाँ आपका हाथी आपको लेकर जाए।" राजा तेनालीराम की बात मान गए। बहुत दूर चल कर हाथी पर सवार राजा एक ऐसी जगह पहुँचे जहाँ सभी बहुत गरीब थे। उनकी हालत देख राजा बहुत दुखी हुए। उन्होंने कहा कि "हाथी हमें सही स्थान पर ले आया है। इन लोगों को वास्तव में हमारी ज़रुरत है।"

महाराज की बात सुनते ही महावत ने अपनी चादर उतार फेंकी! सामने जानते हैं कौन खड़ा था? तेनालीरामन!

अभ्यास कार्य

पढ़े गए गद्यांश के आधार पर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

1. 'विदूषक' लोगों का मनोरंजन कैसे करते थे?

.....

.....

2. तेनालीरामन सबको किस तरह चकित कर देता था?

.....

.....

3. महाराज कृष्णदेव को अपने राज्य के असली हालात का पता क्यों नहीं चल पाता था?

.....

.....

II. समान अर्थ वाले शब्द लिखिए

चालाक ..... मशहूर .....

हैरानी ..... तारीफ .....

III. विपरीत अर्थ वाले शब्द लिखिए

राजा ..... शहर .....

नए ..... सुखी .....

IV. वाक्या बनाओ

विभिन्न .....

प्रजा .....

अभ्यास – 8 अपठित गद्यांश

मनुष्य के पेय और खाद्य–पदार्थों में जितनी लोकप्रिय चाय है उतना और कुछ भी नहीं। विश्व के अलग–अलग देशों में चाय अलग–अलग रुपों में पी जाती है। जापान के सामाजिक जीवन में चाय का उच्च स्थान है। वहाँ चाय विशेष तौर–तरीके से बनाई और परोसी जाती है।

जापानियों के बाद चाय पीने में तिब्बत–वासी सबसे आगे हैं। वे लकड़ी के प्याले में मक्खन और नमक डालकर अनगिनत चाय के प्याले एक दिन में पी जाते हैं।

इंग्लैंड में भी चाय का अत्याधिक प्रचलन है। वहाँ चाय निश्चित समय पर ही पी जाती है। चाय के साथ सैंडविच, केक–पेस्ट्री, मिठाई–बिस्कुट आदि परोसे जाते हैं। सामाजिक, धार्मिक तथा साहित्यिक चर्चाएँ करते–करते तो चाय का मज़ा दोगुना हो जाता है।

भारत को चाय की जन्मभूमि माना गया है। भारत से बौद्ध–धर्म के प्रचारकों द्वारा चाय पहले चीन पहुँची फिर वहाँ से जापान–इंग्लैंड। उन्नीसवीं सदी तक भारतवर्ष के जंगलों में अपने–आप ही, चाय के पौधे जंगलों पेड़ की भाँति उगते थे। अंग्रेज शासकों को 'कूचबिहार' और 'रंगपुर' में भी चाय के पौधे मिल फिर भारतवर्ष के गर्वनर के 'ईस्ट इंडिया कंपनी' द्वारा चाय के बाग लगवाए। आसाम में चाय की खेती विधि–पूर्वक होने लगी और दुनिया–भर में चाय पसंद की जाने लगी।

गद्यांश के आधार पर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

1. विश्व के कौन-कौन से देशों में चाय पीने का अधिक प्रचलन है?

.....

.....

2. तिब्बती लोग चाय कैसे पीते हैं?

.....

.....

3. इंग्लैंड में चाय के साथ क्या-क्या परोसा जाता है?

.....

.....

4. चाय भारत से चीन व जापान कैसे पहुँची?

.....

.....

5. समान अर्थ वाले शब्द गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए–

1. खास – .....
2. दुनिया – .....
3. जगह – .....
4. तरह – .....
5. ऊँचा – .....
6. बहुत ज़्यादा – .....

आओ कहानियाँ पढ़ें...

उपहार

भारत की एक रियासत के राजा ऐसे भी थे, जो अपना जन्मदिन प्रजा के साथ मनाया करते थे। वे उनके बीच जाकर गरीबों को अपने हाथों से फल, मिठाइयां, नए-नए वस्त्र, सोने-चांदी आदि के उपहार दान के रूप में बांटा करते थे। राज्य की जेलों में जिन कैदियों का आचरण अच्छा होता था, उन्हें नेक इनसान बनने की सीख दे, उन्हें उस दिन रिहा भी कर देते थे।

अनाथ बच्चों पर तो राजा की विशेष कृपा होती थी। उन्हें आशीर्वाद देते हुए वह उन्नति करने की सीख भी देते थे। प्रजा उनकी लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती। उनका जय-जयकार करती। राजा और प्रजा के मिलने का यह विशेष दिन होता था।

एक बार अपने जन्मदिन पर जब राजा लोगों को उपहार बांट रहे थे, तो एक गरीब-निर्धन बालक ने उपहार लेने से इनकार कर दिया। बोला–''क्षमा करें, महाराज! मुझे यह सब नहीं चाहिए। जिंदगी में ये चीजें थोड़े समय के लिए अवश्य मदद करती हैं, परंतु जिंदगी भर के लिए ये किसी काम की नहीं। इनका कोई मोल नहीं है। ये शीघ्र बेकार हो जाती हैं।''

राजा को बहुत बुरा लगा। उन्हें यह अपना घोर अपमान लगा। 'इस बालक की इतनी गुस्ताखी?' उन्हें बड़ा क्रोध आया और मन ही मन सोचने लगे–'आज तक कभी किसी ने मेरा इस तरह अपमान नहीं किया। इस बालक की इतनी हिम्मत कि इसने मेरे दिए उपहार को लेने से मना कर दिया! प्रजा के सामने मेरी हंसी उड़ाई। इसे तो दंड मिलना चाहिए।'

फिर दूसरे ही पल, राजा के मन में विचार कौंधा–'नहीं-नहीं, आज अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर तो मैं दान देता हूं। इसे दंड कैसे दे दूं! यह उचित नहीं होगा।'

यह सोचकर राजा का क्रोध एकाएक शांत हो गया। पर उनका विस्मय नहीं गया कि आखिर इस बालक ने दान लेने से इनकार क्यों किया है। राजा ने बालक से प्यार से पूछा–''इतनी गरीबी की हालत में भी तुमने उपहार लेने से इनकार क्यों किया? आखिर तुम्हें उपहार में क्या चाहिए?''

निडर बालक का बेबाक जवाब था–''महाराज, मुझे तो एक ऐसा स्थायी उपहार चाहिए, जिसे पाकर मेरा सारा जीवन संवर जाए। मैं अपना और समाज का कुछ भला कर सकूं।''

अचंभे में पड़कर राजा ने पूछा–''स्थायी उपहार, यानी...? तुम्हें कैसा स्थायी उपहार चाहिए?''

–''महाराज, विद्या ही एक स्थायी उपहार है। मुझे शिक्षा का उपहार चाहिए। मैं पढ़ना-लिखना चाहता हूं।'' बालक ने कहा।

यह सुनकर राजा दंग रह गए। उनकी आंखों में ममता के आंसू उमड़ पड़े। उन्होंने बालक को गले से लगाया और तुरंत आदेश दिया कि इस बालक की शिक्षा-दीक्षा का किसी अच्छी पाठशाला में प्रबंध किया जाए। यही नहीं, इसके साथ ही राजा ने अपने राज्य में अधिक से अधिक पाठशालाएं व शिक्षा-केंद्र खोलने का आदेश भी दिया, ताकि अनाथ बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जा सके।''

बाद में यही बालक कृष्णचंद्र आगे चलकर उस राज्य का मुख्य न्यायाधीश बना। ●

इस कहानी से मुझे शिक्षा मिलती है कि.....

.....

बीस रुपए के लिए

बस कंडक्टर चिल्लाया–"टिकट ले लो भई! और कोई है बगैर टिकट?"

"हां, इधर पीछे ढाई टिकट दे दो।"–रोहित के पापा ने पीछे से कहा।

कंडक्टर ने पीछे घूमकर देखा। बुरा-सा मुंह बनाते हुए वह अपनी सीट से उठा और धक्का-मुक्की करता हुआ बस के पीछे की सीटें तक जा पहुंचा। फिर चिढ़ते हुए बोला–"टिकट नहीं लिया? मैं कब से चिल्ला रहा हूं!"

रोहित के पिता जी ने कहा–"ढाई टिकट दे दो। एक तो बस में सवारी ठूंसकर भरी हैं। बीच में सवारियों का सामान भी है। कैसे लेता? वैसे भी सवारियों तक आपको आना चाहिए। सवारियां अपनी सीट छोड़कर आपकी सीट पर कैसे आएं टिकट लेने?"

कंडक्टर भन्ना गया। घूरते हुए बोला–"ढाई टिकट क्यों। इस बच्चे का पूरा टिकट नहीं लोगे? अरे बच्चे! तेरी उम्र क्या है?"

रोहित के पिता ने झट से जवाब दिया–"इसका नाम रोहित है और उम्र नौ साल है।"

कंडक्टर ने रोहित को गौर से देखा। फिर बोला–"इस बच्चे के मुंह में जुबान नहीं है क्या? कम से कम बच्चे के लिए झूठ तो मत बोलो। इस बच्चे की उम्र तो बारह साल से ज्यादा लग रही है। क्यों बच्चे, कितने साल के हो तुम?"

अब रोहित की मम्मी बोल पड़ी–"कहा न आपसे। हमारे रोहित की उम्र नौ साल है। हम भला क्यों झूठ बोलेंगे। हमारे ढाई ही टिकट बनते हैं। ये लो। ढाई टिकट के सौ रुपए।"

कंडक्टर ने गरदन झटकते हुए कहा–"क्या जमाना आ गया है। आधे टिकट का किराया बचाने के लिए झूठ पर झूठ बोला जा रहा है। चाहो, तो ये सौ रुपए भी रहने दो।"

रोहित के पिता जी गुस्से से बोले–"क्यों रहने दो। बच्चे का आधा टिकट लगता है। फिर हम क्यों पूरा टिकट लें?"

कंडक्टर तो जैसे बहस ही करना चाहता था–"कोई बात नहीं भाई साहब। तीन टिकट नहीं, आप ढाई ही लीजिए। लेकिन बीस रुपए के लिए कम से कम इस बच्चे को इतना छोटा तो न बनाइए। किसी से भी पूछ लीजिए। ये बारह साल से अधिक का बच्चा है। आप भी क्या उसे घर से सिखाकर लाए हैं कि चुप ही रहना। जबान न खोलना। देखो तो, कैसा चुप्पी साधे बैठा है! इसे बताना चाहिए कि इसकी उम्र क्या है।"

रोहित ने अपनी जेब से स्कूल का पहचान पत्र निकालते हुए अपनी मम्मी को दे दिया। उसकी मम्मी ने कहा–"ये लो। हमारे रोहित का पहचान पत्र। इसमें इसकी क्लास भी लिखी है और इसकी जन्मतिथि भी है।"

कंडक्टर ने रोहित का पहचान पत्र देखा और उस पर लगी रोहित की फोटो को भी गौर से देखा। फिर हिचकते हुए बोला–"इस कार्ड के हिसाब से तो रोहित नौ साल का ही है। लेकिन कद-काठी से यह काफी बड़ा दिखाई दे रहा है!"

तभी रोहित दोनों हाथों के इशारे से और अपने चेहरे के हाव-भाव से अपनी मम्मी को कुछ जताने की कोशिश करने लगा। रोहित की मम्मी ने कंडक्टर से कहा–"भाई साहब, रोहित आप से पूछ रहा है कि आपके कितने बच्चे हैं।"

रोहित ने हाथों के इशारे से फिर कुछ कहने की कोशिश की। अब रोहित के पापा ने कंडक्टर से कहा–"रोहित पूछ रहा है कि यदि कंडक्टर अंकल के बच्चों के सामने कंडक्टर अंकल को कोई झूठा कहे, तो आपको कैसा लगेगा।"

कंडक्टर बुरी तरह झेंप गया। रोहित के पापा बोले–"रोहित, हमारा इकलौता बच्चा है। यह मूक-बधिर है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि यह बोल नहीं सकता, तो कुछ समझता भी नहीं होगा। और हां, हम दोनों अच्छा कमा लेते हैं। कम से कम बीस रुपए के लिए हम अपने बच्चे के सामने झूठ नहीं बोलना चाहेंगे।"

पास की सीट पर बैठी एक नन्ही बच्ची बोल पड़ी–"कंडक्टर अंकल, आपने गलत बात की है। हम सब सुन रहे थे। आपको रोहित से और उसके मम्मी-पापा से भी माफी मांगनी चाहिए।"

कंडक्टर बगलें झांकने लगा। उसने एक पल की देरी भी नहीं की और माफी मांगकर अपनी सीट पर जाकर बैठ गया। ●



बेला

छोटी सी बेला को दादी मां ने बचपन में परियों की कहानी सुनाई थी। अब वह हर वक्त यही सोचती थी–'क्या मैं भी परियों के देश में जा सकती हूं?'

मां कहा करती थीं–''बेटी, परियां तो अपनी मर्जी से आती हैं।''

एक दिन बेला घूमने गई। वह चुपचाप परियों के बारे में सोचती जा रही थी। तभी आवाज आई–'मैं यहां, मैं यहां...!'

बेला को बड़ा अचंभा हुआ–'अरे, यह आवाज कहां से आ रही है?' वह कुछ और आगे गई, तो हंसती हुई एक सुंदर परी उसके आगे आकर खड़ी हो गई। उसके बालों में चांदी जैसे चम-चम चमकते फूल थे। बोली–''मैं हूं परी...श्वेत परी। तुम परियों के देश में जाना चाहती थीं न!''

बेला बड़ी खुश हुई। पर फिर उसे मां की चिंता हुई। बोली–''ज्यादा देर हुई, तो घर पर मां परेशान होंगी। तो बताओ परी, क्या हम शाम तक वापस आ सकते हैं?''

''हां-हां, क्यों नहीं!'' परी हंसी–''परी देश जाने में ज्यादा देर थोड़े ही लगती है। बस, सोचा और पहुंच गए!''

और फिर श्वेत परी ले गई बेला को परी देश में। इतना सुंदर था परीलोक कि बेला तो ठगी सी रह गई। वहां खूबसूरत पहाड़, झरने थे और सब ओर फूल ही फूल, मोती जैसे दमकते फूल। बेला उन फूलों को देख-देखकर हैरान थी। सोच रही थी–'अरे, कहीं ये मोतियों के गुच्छे तो नहीं?'

श्वेत परी ने हंसकर बताया–''नहीं बेला, ये फूल हैं। मोतियों जैसे उजले फूल, जो दूर से देखो, तो मोती से लगते हैं।''

बेला उन फूलों का एक बड़ा सा गुच्छा धरती पर भी लाई। और गांव में सबको फूल बांट दिए।

कुछ दिनों बाद मोहना गांव में सब ओर वे सुंदर-सुंदर फूल खिल उठे। और उसके साथ ही गांव में ही नहीं, दूर-दूर तक हरियाली और सुंदरता छा गई। और बेला तो जब से धरती पर आई थी, वह एकदम बदल ही गई। अब वह हरदम हंसती-गाती और मुसकराती ही रहती थी। लोग उसे 'धरती की परी' कहकर बुलाते।

कुछ समय बाद बेला अदृश्य हो गई। लोग कहते, वह इन सुंदर-सुंदर मुसकराते फूलों में ही समा गई है। तभी तो इन फूलों में हमें बेला की हंसी नजर आती है।

अब तो लोग मोहना गांव को कहने लगे–बेलापुर। और वे उजले फूल कहलाए बेला के फूल। उनकी खुशबू से धरती अब भी महक रही है।

इस कहानी से मुझे शिक्षा मिलती है कि.....

.....

.....

बीस रुपए के लिए

बस कंडक्टर चिल्लाया–''टिकट ले लो भई! और कोई है बगैर टिकट?''

''हां, इधर पीछे ढाई टिकट दे दो।''–रोहित के पापा ने पीछे से कहा।

कंडक्टर ने पीछे घूमकर देखा। बुरा-सा मुंह बनाते हुए वह अपनी सीट से उठा और धक्का-मुक्की करता हुआ बस के पीछे की सीटों तक जा पहुंचा। फिर चिढ़ते हुए बोला–''टिकट नहीं लिया? मैं कब से चिल्ला रहा हूं!''

रोहित के पिता जी ने कहा–''ढाई टिकट दे दो। एक तो बस में सवारी ठूंसकर भरी हैं। बीच में सवारियों का सामान भी है। कैसे लेता? वैसे भी सवारियों तक आपको आना चाहिए। सवारियां अपनी सीट छोड़कर आपकी सीट पर कैसे आएं टिकट लेने?''

कंडक्टर भन्ना गया। घूरते हुए बोला–''ढाई टिकट क्यों। इस बच्चे का पूरा टिकट नहीं लोगे? अरे बच्चे! तेरी उम्र क्या है?''

रोहित के पिता ने झट से जवाब दिया–''इसका नाम रोहित है और उम्र नौ साल है।''

कंडक्टर ने रोहित को गौर से देखा। फिर बोला–''इस बच्चे के मुंह में जुबान नहीं है क्या? कम से कम बच्चे के लिए झूठ तो मत बोलो। इस बच्चे की उम्र तो बारह साल से ज्यादा लग रही है। क्यों बच्चे, कितने साल के हो तुम?''

अब रोहित की मम्मी बोल पड़ीं–''कहा न आपसे। हमारे रोहित की उम्र नौ साल है। हम भला क्यों झूठ बोलेंगे। हमारे ढाई ही टिकट बनते हैं। ये लो। ढाई टिकट के सौ रुपए।''

कंडक्टर ने गरदन झटकते हुए कहा–''क्या जमाना आ गया है। आधे टिकट का किराया बचाने के लिए झूठ पर झूठ बोला जा रहा है। चाहो, तो ये सौ रुपए भी रहने दो।''

रोहित के पिता जी गुस्से से बोले–''क्यों रहने दो। बच्चे का आधा टिकट लगता है। फिर हम क्यों पूरा टिकट लें?''

कंडक्टर तो जैसे बहस ही करना चाहता था–''कोई बात नहीं भाई साहब। तीन टिकट नहीं, आप ढाई ही लीजिए। लेकिन बीस रुपए के लिए कम से कम इस बच्चे को इतना छोटा तो न बनाइए। किसी से भी पूछ लीजिए। ये बारह साल से अधिक का बच्चा है। आप भी क्या उसे घर से सिखाकर लाए हैं कि चुप ही रहना। जबान न खोलना। देखो तो, कैसा चुप्पी साधे बैठा है! इसे बताना चाहिए कि इसकी उम्र क्या है।''

रोहित ने अपनी जेब से स्कूल का पहचान पत्र निकालते हुए अपनी मम्मी को दे दिया। उसकी मम्मी ने कहा–''ये लो। हमारे रोहित का पहचान पत्र। इसमें इसकी क्लास भी लिखी है और इसकी जन्मतिथि भी है।''

कंडक्टर ने रोहित का पहचान पत्र देखा और उस पर लगी रोहित की फोटो को भी गौर से देखा। फिर हिचकते हुए बोला–''इस कार्ड के हिसाब से तो रोहित नौ साल का ही है। लेकिन कद-काठी से यह काफी बड़ा दिखाई दे रहा है!''

तभी रोहित दोनों हाथों के इशारे से और अपने चेहरे के हाव-भाव से अपनी मम्मी को कुछ जताने की कोशिश करने लगा। रोहित की मम्मी ने कंडक्टर से कहा–''भाई साहब, रोहित आप से पूछ रहा है कि आपके कितने बच्चे हैं।''

रोहित ने हाथों के इशारे से फिर कुछ कहने की कोशिश की। अब रोहित के पापा ने कंडक्टर से कहा–''रोहित पूछ रहा है कि यदि कंडक्टर अंकल के बच्चों के सामने कंडक्टर अंकल को कोई झूठा कहे, तो आपको कैसा लगेगा।''

कंडक्टर बुरी तरह झेंप गया। रोहित के पापा बोले–''रोहित, हमारा इकलौता बच्चा है। यह मूक-बधिर है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि यह बोल नहीं सकता, तो कुछ समझता भी नहीं होगा। और हां, हम दोनों अच्छा कमा लेते हैं। कम से कम बीस रुपए के लिए हम अपने बच्चे के सामने झूठ नहीं बोलना चाहेंगे।''

पास की सीट पर बैठी एक नन्ही बच्ची बोल पड़ी–''कंडक्टर अंकल, आपने गलत बात की है। हम सब सुन रहे थे। आपको रोहित से और उसके मम्मी-पापा से भी माफी मांगनी चाहिए।''

कंडक्टर बगलें झांकने लगा। उसने एक पल की देरी भी नहीं की और माफी मांगकर अपनी सीट पर जाकर बैठ गया।

इस कहानी से मुझे शिक्षा मिलती है कि.....

.....

तेनालीराम

पानी-पानी

बरसों बाद इतना पानी पड़ा था कि विजयनगर राज्य की छोटी-बड़ी सब नदियां उफान पर थीं और जगह-जगह बाढ़ आ गई थी।

राजा कृष्णदेव राय ने मंत्री से कहा–''तुम शीघ्र गांवों में जाकर बाढ़ पीड़ितों की मदद के काम में जुट जाओ। धन की परवाह मत करो।''

''ठीक है महाराज!''–कहकर मंत्री ने राजकोष से बहुत सा धन निकाल लिया।

कुछ दिन बाद मंत्री लौटकर आया। उसने बताया–''महाराज, मैंने सब प्रबंध कर दिया गया है। अब हर गांव में लोगों को राज्य की ओर से सहायता दे दी गई है। जगह-जगह राहत शिविर लगा दिए हैं। गांव वालों को पानी से निकालने के लिए नावों का प्रबंध कर दिया है। जहां जरूरी था, वहां पुल भी बनवाए गए हैं।''

सुनकर राजा मंत्री की तारीफ करने लगे। पर उन्होंने देखा, तेनालीराम कुछ बुदबुदा रहा है।

''अरे, तुम क्या कह रहे हो तेनालीराम?'' राजा कृष्णदेव राय ने अचरज से भरकर कहा।

तेनालीराम कुछ कहता, राजपुरोहित बोल उठा–''महाराज, लगता है, तेनालीराम कुछ जादू कर रहा है, जिससे जहां मंत्री जी न पहुंच पाए हों, वहां इसका जादू हो जाए।''

तेनालीराम बोला–'' महाराज, मंत्री जी ने तो सचमुच जादू कर दिया है! प्रजा इतनी खुश है कि रात-दिन दुआएं दे रही है।''

''अच्छा! फिर तो मुझे भी चलकर देखना चाहिए।''

राजा प्रसन्न होकर बोले।

अगले ही दिन राजा कृष्णदेव मंत्री, तेनालीराम व प्रमुख दरबारियों के साथ राजधानी के आसपास के गांवों में जा पहुंचे। वहां बचाव कार्य करने वालों के दो-एक शिविर लगे हुए थे। देखकर, राजा संतुष्ट हो गए। मंत्री का चेहरा चमक उठा। बोला–''अब आप थक गए होंगे महाराज। चलिए, अब वापस चलते हैं।''

राजा राजधानी की ओर चलने लगे, तभी तेनालीराम बोला–''महाराज, यहां तक आए हैं, तो थोड़ा आगे चलते हैं। इसके आगे का दृश्य देखकर तो आप हैरान रह जाएंगे।''

राजा आगे गए, तो कुछ और ही नजारा था। जगह-जगह बाढ़ का पानी और गंदगी नजर आ रही थी। लोग घरों की छतों व ऊंचे टीलों पर बैठकर जान की खैर मना रहे थे। सब ओर हाहाकार मचा था। प्रजा मदद के लिए गुहार लगा रही थी। पर कोई सहायता करने वाला नहीं था। नदियों पर पुल न होने के कारण लोग भागने की स्थिति में भी नहीं थे।

राजा के पूछने पर लोगों ने बताया–''यहां कोई बचाव कार्य नहीं हुआ।''

राजा ने क्रोध से मंत्री की ओर देखा। मंत्री के चेहरे का रंग उड़ा हुआ था। वह थर-थर कांपने लगा। फिर हाथ जोड़कर बोला–''क्षमा करें महाराज, बाढ़ पीड़ितों की मदद का काम अभी चल [illegible] पूरा नहीं हुआ। जल्दी ही [illegible] सहायता के लिए सारा इंतजाम करवाता हूं।''

राजा बोले–''बाढ़ पीड़ितों की मदद का काम अब तेनालीराम संभालेगा। तुम राजकोष से निकाले गए धन का हिसाब तेनालीराम को दो।''

लौटते समय राजा बोले–''तेनालीराम, मगर तुम तो किसी जादू की बात कर रहे थे?''

''महाराज, अगर मैं ऐसा न कहता, तो आपकी आंखों के आगे यह सचाई कैसे आती?''

राजा ने मुसकराकर कहा–''तेनालीराम, इसीलिए तो मुझे तुम्हारी जरूरत है।''

इस कहानी से मुझे शिक्षा मिलती है कि...

....

कौए का क्रेच

सुंदर वन में सब पक्षी हिल-मिलकर रहते थे। मीठे-मीठे फल खाते थे और पास के तालाब से पानी पीकर प्यास बुझाते थे। सभी पक्षियों को हवा में कलाबाजियां करना बहुत अच्छा लगता था।

एक बार बारिश न होने से फसल सूख गई। सुंदर वन के पेड़ों पर भी फल नहीं लगे। भयंकर अकाल पड़ गया। ताल-तलैया का भी पानी सूख गया। पक्षियों के राजा मोर ने पक्षियों की एक सभा बुलाई। मंत्री तोते ने सुझाव दिया–''हम सब पक्षी अपने अंडे पेड़ पर छोड़कर, प्रतिदिन सुंदर वन से दूर उड़कर जाया करेंगे। दूर के वनों से फल खाकर और पानी पीकर शाम तक लौट आया करेंगे।''

कौए ने पूछा–''हमारे पीछे हमारे अंडों की रखवाली कौन करेगा? हमारे यहां न रहने पर अज्जू अजगर नाश्ते से लेकर डिनर तक हमारे अंडों का ही करेगा। पहले भी वह अंडों की चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा गया है।'' इस पर मंत्री तोते ने रास्ता निकाला। उसने कहा–''कौआ यहां रुककर सबके अंडों की चौकीदारी करेगा। हम सब लौटते हुए अपने पंजों में उसके लिए फल और चोंच में पानी ले आया करेंगे।''

कौए ने 'कांव-कांव' करके अंडों की रखवाली करने की बात मान ली। कहा–''ठीक है। मेरी तबीयत भी ठीक नहीं रहती है। मैं यहां रुककर अंडों की ठीक से देख-भाल कर सकता हूं। आप सब मेरा दाना-पानी ले आया करें।''

सुंदर वन के पक्षी कौए के क्रेच में अपने-अपने अंडे छोड़कर जाने लगे। कौआ पक्षियों के जाते ही अपने अंडों को परों के नीचे छिपाकर तुरंत सो जाता। अज्जू अजगर मौका देखकर तुरंत निकलकर आता और दो-चार अंडे कम कर देता। पक्षी लौटकर कौए को दाना-पानी देते और अपने अंडे मांगते। कभी चिड़िया के अंडे कम निकलते, तो कभी बुलबुल के। पक्षी कौए से अंडों के कम होने की बात करते, तो कौआ झल्लाते हुए उत्तर देता–''मैं कहां तक ध्यान रखूं? तोते के अंडे देखता हूं, तो पीछे से मोर के अंडे कम हो जाते हैं। बुलबुल के अंडों पर निगाह रखता हूं, तो इधर से कबूतर के अंडे कम हो जाते हैं। अकेला कहां-कहां की चौकीदारी करूं!''

पर नींद आने की बात कौआ किसी को भूलकर भी नहीं बताता था। कोयल के अंडे कौए जैसे ही थे। उसके अंडे कभी कम नहीं होते थे, क्योंकि मूर्ख कौआ कोयल के अंडों को भी अपने अंडे समझकर, अपने परों के नीचे छिपाकर सोता था।

कुछ दिनों के बाद सुंदर वन में भी गहरे बादल छा गए, बारिश हो गई। अकाल समाप्त हो गया। ताल-तलैया में थोड़ा-थोड़ा पानी जमा होने लगा। अब सुंदर वन के पक्षियों ने दूसरे वनों में जाना बंद कर दिया और अपने अंडे कौए के क्रेच से ले लिए।

परंतु सुंदर वन की कोयल की दोस्ती इंदु वन की कोयल से हो गई थी। दोनों ऊंची उड़ान पर निकल जातीं। इसलिए कोयल अपने अंडे कौए के क्रेच से लाई ही नहीं। कौआ अपने परों के नीचे कोयल के अंडों को भी सेता रहा। तब से आज तक कौआ कोयल के अंडों को भी सेता आ रहा है। ●

इस कहानी से मुझे शिक्षा मिलती है कि.....

.....

होनहार गधा

वनराज शेर सिंह के महल में उस दिन बच्चे चहक रहे थे। महाराज ने जंगल और आसपास के गांवों से होनहार बच्चों को इनाम देने के लिए बुलाया था। बच्चों से मिलकर महाराज भी बेहद खुश थे। उन्हें अपना बचपन याद आ गया था। वह लाल-लाल आंखें दिखाना और गुर्राना भूलकर बच्चों के साथ हंसी-मजाक कर रहे थे। ज्ञानपुर गांव का गोलू गधा भी बच्चों में शामिल था।

उधर दरबार में बच्चों को इनाम देने की तैयारी चल रही थी। दरबार सज गया। वनराज सिंहासन पर बैठ गए। सिंहासन के ठीक सामने होनहार बच्चों को बैठाया गया था।

''देख भाई, देख! होनहार बच्चों के साथ एक गधा भी बैठा है। वह क्या कमाल करके आया है?''–बंटू सियार ने गधे का मजाक उड़ाते हुए अपने दोस्त बैडी लोमड़ से कहा।

''हां रे, बैठा तो है! कोई गधा कैसे होनहार हो सकता है? बैठे रहने दो। अच्छा इनाम तो अपने बच्चों को ही मिलेगा।''–बैडी बोला।

''ठीक कह रहे हो। मेरा बेटा टंटू बहुत अच्छा चित्रकार है। उसने अपने चित्र में दिखाया है कि मैं वनराज को पुष्प हार पहना रहा हूं। महाराज खुश हो गए होंगे। उसके चित्र को वह जरूर पहला इनाम देंगे।''–बंटू सियार ने अपने बेटे की तारीफ करते हुए कहा।

उन दोनों की बातचीत कालू सूअर सुन रहा था। वह अपने पास बैठे मोटू भालू से बोला–''वन महोत्सव में मेरे और तुम्हारे बच्चे नाम करेंगे। सियार और लोमड़ सपने ही देखते रह जाएंगे। मेरे बेटे ने वन के विनाश का भयावह रूप दिखाया है, अपने चित्र में। उसे प्रथम पुरस्कार तो मिल ही सकता है।''

''मेरे बेटे ने तो अपने चित्र में खुद को महाराज के पांव छूते दिखाया है। इससे महाराज बेहद खुश हो गए होंगे।''–मोटू भालू ने कहा।

''दरबार में आप सभी का स्वागत है। वनमहोत्सव के दौरान मैंने मंगलवन और आसपास के गांवों में बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी थीं। बच्चों ने चित्रकला, भाषण, निबंध लेखन, नृत्य, गायन, वादन के जरिए वन के विकास, पौधे लगाने, पेड़ न काटने और जानवरों का शिकार न करने तथा खुशहाली का संदेश दिया है।''–वनराज ने कहा।

दरबार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कुछ जानवरों ने महाराज का जयकार भी किया। वनराज बोले–''मैंने एक विशेष प्रतियोगिता कराई थी। जानवर अपनी सेहत के प्रति बेहद लापरवाह हैं। बीमार होने पर डाक्टर के पास नहीं जाते, बल्कि ओझा से झाड़-फूंक कराते हैं। इससे कई जानवरों की जान भी जा चुकी है। कई बच्चों ने अपने चित्रों के जरिए विभिन्न घातक बीमारियों को दिखाया है। उन सभी बच्चों को इनाम मिलेगा, लेकिन प्रथम पुरस्कार मिलेगा ज्ञानपुर के गोलू गधे को।''

यह सुनकार सभी जानवर गोलू को देखने लगे। जितने मुंह, उतनी बातें होने लगीं। शोर-शराबा सुनकर महाराज दहाड़ उठे–''आप लोग शांति बनाए रखें और मेरी बातें ध्यान से सुनें।''

दरबार में शांति छा गई। इसके बाद महाराज ने गोलू गधे को मंच पर बुलाया। उसने मंच पर जाकर सभी का अभिवादन किया।

कुछ जानवरों ने उसका मजाक उड़ाया, तो कुछ ने उसके सम्मान में तालियां बजाईं।

महाराज ने गोलू का परिचय देते हुए कहा–''गोलू ज्ञानपुर गांव का है। इस गांव में गाय, भैंस, बकरी, घोड़ा और गधों के कई बच्चों ने जानलेवा बीमारियों पर आधारित प्रतियोगिता में भाग लिया। मैं गांव से लौट रहा था, तो देखा कि गोलू कुछ जानवरों का इलाज करवाने अस्पताल ले जा रहा था। गोलू, आगे तुम बताओ।''

गोलू गधे ने माइक संभाला और बताया–''मुझे भी चित्रकारी आती है। जब प्रतियोगिता का पता चला, तो मैंने सोचा कि बीमारियों के संबंध में चित्र बनाने से अच्छा होगा कि बीमार जानवरों के इलाज का शिविर लगवा दिया जाए। मैंने डाक्टर कालू हाथी से बात की, तो वह शिविर में सेवा देने के लिए तैयार हो गए। उनका साथ कई अन्य चिकित्सकों ने भी दिया। इस तरह कई रोगियों की जान बच गई।''

यह सुनकर दरबार तालियों से गूंज उठा। चारों तरफ गोलू गधे की तारीफ होने लगी। अपने बच्चों की तारीफ करने वाले बैडी, बंटू, मोटू और कालू चकित रह गए।

इसके बाद महाराज ने गोलू को प्रथम पुरस्कार स्वरूप सोने के कई सिक्के दिए। इसके अलावा उन्होंने ढेर सारे खिलौने और कई अन्य चीजें दीं।

अन्य बच्चों को भी महाराज ने इनाम दिया। साथ ही उनका खूब उत्साहवर्धन भी किया। कार्यक्रम खत्म होने के बाद महाराज ने प्रधानमंत्री गजराज से कहा–''गोलू को सम्मान के साथ इसके घर भिजवाइए। अकेला जाएगा, तो कोई इसके सिक्के छीन लेगा।''

गोलू गाड़ी से अपने गांव पहुंचा। सभी ने उसकी तारीफ करते हुए उसे शाबाशी दी। तमाम बच्चे, गोलू गधे जैसा कार्य करने के लिए प्रेरित हुए।•

इस कहानी से मुझे शिक्षा मिलती है कि.....

.....